तापमान
अधिकतम 28.4°C
न्यूनतम 17.2°C

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

शहर में आज

- पुराना शुगर मिल ग्राउंड में 300 ड्रोन के माध्यम से दिखाई जाएगी प्रभु श्रीराम की दिव्य गाथा शाम 4 बजे
- रामलीला उत्सव कमेटी व अन्य की तरफ से रावण के पुतलों का दहन शाम 6 बजे

SHUBHAM JEWELLERS
"यहाँ नहीं देखा तो कुछ नहीं देखा"
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RAILWAY ROAD, ROHTAK
M. 9812511111, 8607900020
27th ANNIVERSARY CELEBRATION
यह स्कीम जो पुराने भाव बुक हैं उन पर लागू नहीं होगी।
Bhav Booking Open Now
थोड़ी एक्स्ट्रा खुशी बिना किसी एक्स्ट्रा चार्ज के
Only 5% MAKING CHARGES 22K HALLMARK
100% Halmark Jewellery
दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
27 साल के भरोसे के साथ अपने उत्सव को सजाएं शुभम ज्वेलर्स के साथ
Sunday Open
Timing: 12 pm to 4 pm



GD Goenka Suncity
TODDLER HOUSE
Early Learning | Kindergarten
EXCELLENCE IN EDUCATION 30 YEARS GD GOENKA
LIMITED SEATS
FULLY AC CAMPUS
MEALS FREE
Special Offer NO ADMISSION FEE EXTRA HIDDEN CHARGES
Why Choose US?
- International Curriculum.
- Well trained support staff.
- Well equipped playgrounds
- International Curriculum.
- Well trained support staff.
- Well equipped playgrounds
- Activities are age appropriate.
- Clean and hygienic environment.
- Activities are age appropriate.
- Clean and hygienic environment.
- Audio/Visual Rooms & Robotics Lab.
- Trained and well-groomed teachers.
- AC transportation for Pick-up and drop.
- Montessori materials used for hands on Learning for children.
- Air-conditioned rooms with child friendly furniture for activities.

AI based Robotics Lab
DAY CARE FACILITY
International Curriculum
Least Teacher Student Ratio
Yoga, Gymnastics & Zumba
Activity based learning
Under CCTV surveillance
असत्य पर सत्य की विजय,
अहंकार पर विनम्रता की विजय और
बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व
दशहरा
की हार्दिक शुभकामनाएं
Balraj Singh
Director
Dr. Madhu Bala
Principal
Near Water Tank, C-Block, Sec.-36, Suncity, Rohtak-124001
REGISTER NOW 7056480005 7056580005
gdgoenkatoddler.rohtak@gmail.com www.gdgoenkatoddlerhouse.com

एमडीयू में छात्रा से बात करने पर मचा बवाल

छात्र की पीठ में सुआ घोंपा

मारपीट के बाद रीढ़ के पास तीन से चार इंच तक धंसा सुआ मरा समझकर भाग गए आरोपी

लाइब्रेरी के सामने दोस्तों के साथ बैठा था छात्र वंश, तभी की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में सोमवार को छात्रों के दो गुटों के बीच विवाद के बाद एक छात्र पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक छात्रा से बातचीत करने को लेकर हुए विवाद में हमलावरों ने प्रथम वर्ष के छात्र की पीठ में बर्फ तोड़ने वाला सुआ घोंप दिया। सुआ रीढ़ की हड्डी के पास करीब तीन से चार इंच तक धंस गया। गंभीर रूप से घायल वंश मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा।

इसके बाद आरोपी उसे मृत समझकर मौके से फरार हो गए। घायल को उसके दोस्त पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक उसका ऑपरेशन करने की तैयारी में जुटे थे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। करीब 18 वर्षीय छात्र एमडीयू में प्रथम वर्ष का छात्र है। सोमवार को वह विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी के सामने अपने दो दोस्तों के साथ बैठा हुआ था। बताया जा रहा है कि इसी दौरान छात्र को जानने वाले तीन छात्र वहां पहुंचे। वे उसके कंधे पर हाथ रखकर उसे अपने साथ कुछ दूरी पर ले गए। वहां पहुंचने के बाद आरोपियों के कुछ अन्य साथी भी एकत्रित हो गए। इसके बाद वंश के साथ विवाद शुरू हो गया।

पीड़ित छात्र की हालत अभी भी गंभीर



आरोपियों ने छात्रा से बातचीत नहीं करने की धमकी दी थी

परिजनों के अनुसार, आरोपियों ने छात्र को एक छात्रा से बातचीत नहीं करने की धमकी दी। जब छात्र ने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट शुरू कर दी गई। छात्र ने खुद को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो सका। इसी दौरान एक आरोपी ने पीछे से उसकी पीठ में बर्फ तोड़ने वाला सुआ घोंप दिया। हमलावर सुआ वहीं छोड़कर फरार हो गए। आरोप है कि जाते समय उन्होंने वंश के दोस्तों को भी मारने की धमकी दी।

हमले के बाद लहूलुहान छात्र बेहोश होकर जमीन पर गिरा

हमले के बाद पीड़ित छात्र लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा और बेहोश हो गया। उसके दोस्तों को घटना का पता चला तो वे उसे तलाशते हुए मौके पर पहुंचे। इसके बाद घायल को तुरंत पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार, सुआ रीढ़ की हड्डी के पास गहराई तक धंसा हुआ है। ऐसे में उसे निकालने के लिए ऑपरेशन की तैयारी की जा रही थी। पीठ में सुआ फंसा होने के कारण छात्र की हालत गंभीर बताई गई।

परिजनों की ओर से शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी: पुलिस

घटना की सूचना मिलने के बाद पीजीआई थाना पुलिस की टीम विश्वविद्यालय पहुंची और घायल के परिजनों से बातचीत की। पुलिस का कहना है कि परिजनों की ओर से शिकायत मिलने के बाद उसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। आरोपियों की भूमिका और विवाद के वास्तविक कारणों का पता शिकायत तथा जांच के आधार पर लगाया जाएगा।

कलानौर में व्यक्ति से एक लाख लूटे

कलानौर। कस्बे में निर्माणाधीन मकान के मालिक से बदमाश ने एक लाख लूट कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस हरकत में आई और आरोपी की तलाश शुरू कर दी। हालांकि, वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार, बृजपाल निवासी बौंद कलानौर में अपना मकान बनवा रहा है। इसी सिलसिले में वह कलानौर में आया हुआ था। इसी दौरान उसके साथ एक लाख रुपये की लूट की वारदात हो गई। अचानक हुई इस घटना से पीड़ित को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। वारदात किन परिस्थितियों में हुई और आरोपी रुपये लेकर किस दिशा में फरार हुए, इसे लेकर पुलिस जांच में जुटी है।

चेन झपटने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। महिला के गले से सोने की चेन झपटने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वारदात 5 सितंबर को गोहाना गोल चक्कर के पास हुई थी। आरोपियों की पहचान भालौठ निवासी साहिल और अजय के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को अदालत में पेश किया है। हनुमान कॉलोनी निवासी संतोष ने 5 सितंबर 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी। संतोष पति के साथ कार से गोहाना गोल चक्कर के पास पहुंचीं तो मोटरसाइकिल सवार एक युवक गलत दिशा से आया और उनके गले से सोने की चेन झपट ली। आरोपी पास में बाइक लेकर खड़े साथी के साथ फरार हो गया।

कमेटी चेयरमैन ने सुनीं आढ़तियों की समस्याएं

रोहतक। मार्केट कमेटी के चेयरमैन अशोक चौधरी ने नई अनाज मंडी का निरीक्षण कर आढ़तियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान व्यापारियों ने मंडी में रोशनी की बेहतर व्यवस्था के लिए एलईडी लाइट लगवाने, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने और धर्मशाला निर्माण के लिए जगह उपलब्ध करवाने की मांग रखी। चेयरमैन ने मांगों पर चर्चा के लिए 22 अक्टूबर को एसोसिएशन कार्यालय में बैठक बुलाने की बात कही। इसमें संबंधित निगम पार्षद मौजूद रहेंगे। चेयरमैन अशोक चौधरी और वाइस चेयरमैन सतीश कुमार गोयल अनाज मंडी स्थित गिरधर ट्रेडिंग कंपनी पहुंचे। आढ़तियों ने उनका पटका पहनाकर स्वागत किया। मार्केट कमेटी के सचिव दीपक लोहचब और सहायक सचिव मोहित चौहान को भी सम्मानित किया गया।

एंड्रोमेडा कैंसर अस्पताल
कैंसर के इलाज में आपका भरोसेमंद साथी
शक्ति, साहस और उम्मीद का पर्व — नवरात्रि!
एंड्रोमेडा कैंसर हॉस्पिटल
की ओर से आपको एवं आपके परिवार को
शुभ नवरात्रि!
देवी के हर रूप से प्रेरणा लें,
कैंसर की लड़ाई में जागरूकता और शुरुआती
पहचान को अपनी ढाल बनाएँ।
पैनल: डीजीईएचएस (DGEHS), ईएसआईसी (ESIC), हरियाणा सरकार,
सीजीएचएस (CGHS) और सभी प्रमुख टीपीए और बीमा कंपनियां।
सुशांत सिटी, कुंडली, रसोई गाँव के पास, सोनीपत
9138111625
www.andromedahospital.in



घर-घर रावण दहन का क्रेज, 1000 से 8000 तक में बिक रहे15 फुट के पुतले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दशहरे पर रावण दहन की परंपरा अब केवल बड़े मैदानों और सार्वजनिक आयोजनों तक सीमित नहीं रह गई है। शहर में घरों के भीतर भी बच्चों को दशहरे का महत्व समझाने और बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देने के लिए रावण दहन का क्रेज बढ़ रहा है। इसी के चलते रोहतक के डी पार्क बाजार में तीन फीट से लेकर 15 फीट तक के रावण के पुतलों की खूब मांग है। बाजार में 1000 रुपये से लेकर 8000 रुपये तक



की कीमत वाले पुतले लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। दशहरे से पहले बाजार में खरीदारी के लिए पहुंच रहे लोगों के कारण रावण बेचने वाले दुकानदारों के चेहरे भी खिले हुए हैं।

छोटे बच्चों के लिए छोटे आकार के रावण

इस बार बाजार में सबसे दिलचस्प बात यह देखने को मिल रही है कि लोग केवल बड़े पुतले ही नहीं, बल्कि छोटे आकार के रावण भी खरीद रहे हैं। घरों में मौजूद तीन से छह साल तक के बच्चों के लिए अभिभावक तीन और चार फीट के रावण लेकर जा रहे हैं। इसके पीछे उद्देश्य बच्चों को दशहरे की परंपरा से जोड़ना और उन्हें रामायण की कहानियों के माध्यम से अच्छाई तथा बुराई के बीच का अंतर समझाना है। कई परिवार घर पर ही रावण दहन कर त्योहार मनाने की तैयारी कर रहे हैं।

कीमत के हिसाब से चुन रहे पुतले

बाजार में तीन फीट से लेकर 15 फीट तक के पुतले उपलब्ध हैं। इनकी कीमत आकार और बनावट के अनुसार 1000 से 8000 रुपये तक बताई जा रही है। लोग अपने बजट और उपलब्ध जगह के हिसाब से रावण पसंद कर रहे हैं। दशहरे से ठीक पहले बाजार में बढ़ती चहल-पहल से साफ है कि इस बार घरों में रावण दहन को लेकर भी लोगों में खास उत्साह है।

खरीदारी करने पहुंच रहे लोग

तीन दिन में 1000 से ज्यादा रावण बिकने का दावा

डी पार्क बाजार में रावण के पुतले बनाकर बेचने वाले दुकानदार लिखित के अनुसार, पिछले तीन दिनों में 1000 से ज्यादा रावण बिक चुके हैं। दुकानदार का कहना है कि दशहरे से पहले मांग लगातार बनी हुई है और अलग-अलग आकार के पुतलों के लिए ग्राहक पहुंच रहे हैं। छोटे पुतलों की मांग बच्चों वाले परिवारों में है, जबकि बड़े आकार के रावण खरीदने वाले लोग भी बाजार में पहुंच रहे हैं।

गढ़वाल सभा रोहतक द्वारा दशहरे के शुभ अवसर पर हवन-यज्ञ करवाया गया

रोहतक। गढ़वाल सभा, रोहतक की ओर से दशहरे के पावन अवसर पर मंगलवार, 20 अक्टूबर 2026 को विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह भव्य कार्यक्रम प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी रामनवमी के मौके पर एकता कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर के सामुदायिक केंद्र में आयोजित होगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9:00 बजे पूजा-अर्चना और कंजक पूजन से होगी। इसके पश्चात पंडित राजेश मिश्रा पूरे विधि-विधान के साथ मां भगवती के नवरात्र का समापन एवं हवन-यज्ञ सम्पन्न करवाएंगे। कार्यक्रम की देखरेख सभा के प्रधान मनोज शर्मा, महासचिव संदीप गुसाईं, उपप्रधान दीपक रावत, चेयरमैन राजेंद्र रावत, वायस चेयरमैन परताप रावत, मुख्य सलाहकार त्रिलोक बिष्ट, सचिव धनबीर भंडारी, सह सचिव भूपेन्द्र, सचिव सतपाल तथा सांस्कृतिक सचिव विनय करेंगे।

दशहरे पर आसमान में दिखेगा अद्भुत नजारा, आंखों से आग के शोले बरसाएगा दशानन

पुरानी आईटीआई मैदान में आज शाम पांच बजे दशहरा महोत्सव का शुभारंभ होगा

आज जलेगा 200 फुट का रावण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विजयदशमी के अवसर पर मंगलवार को रोहतक का आसमान भगवान श्रीराम की दिव्य आकृतियों से जगमगाएगा। पुरानी आईटीआई मैदान में श्री रामलीला उत्सव कमेटी की ओर से आयोजित दशहरा महोत्सव में 250 से अधिक ड्रोन आसमान में रामायण से जुड़े विभिन्न प्रसंगों की मनमोहक आकृतियां उकेरेंगे। रविवार को आयोजित ड्रोन शो से अलग इस विशेष प्रस्तुति को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है। वहीं, 200 फुट के विशाल रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। दस मुखी रावण का पुतला गर्दन घुमाने के साथ आंखों से आग के शोले बरसाता नजर आएगा। कमेटी के मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि मंगलवार 20 अक्टूबर को शाम पांच बजे दशहरा महोत्सव का शुभारंभ होगा। इस दौरान दिल्ली के चांदनी चौक से आने वाले आतिशबाज करीब एक घंटे तक शानदार आतिशबाजी करेंगे। इसके बाद रात आठ बजे मुंबई से आने वाले फिल्मी कलाकार रंगारंग धार्मिक प्रस्तुतियां देंगे। जादूगर की विशेष प्रस्तुति भी दर्शकों का मनोरंजन करेगी। उन्होंने बताया कि दशहरा महोत्सव को भव्य बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। इस अवसर पर शंकर लाल मित्तल, सुशील मंगला, जयभगवान ऐरन, रमेश रोहिल्ला, गुलशन निझावन, अनिल बंसल, दिनेश तायल, विकास कंसल, प्रवीण गुप्ता, प्रेमचंद गर्ग, वरुण सिंगल, मनोज जिंदल, सुरेश तायल, विजय तायल मौजूद रहे।



रोहतक। पुरानी आईटीआई मैदान में रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले। फोटो : हरिभूमि

67 साल से रामलीला के मंचन से राम के आदर्शों का संदेश दे रही है गांव हसनगढ़ की रामलीला

सांपला। सांपला खंड के गांव हसनगढ़ में लगातार 67 साल से रामलीला मंचन की परंपरा अब की बार भी कायम रही है। इस बार भी गांव के कलाकारों ने ही विभिन्न पात्रों का सजीव अभिनय कर हजारों ग्रामीणों को मंत्रमुग्ध किया। आयोजन में सहयोग देने वाले शशिकांत भारद्वाज सहित कई लोगों को सम्मानित किया गया। रामलीला में केशव गोयल ने राम, मन्नू बखेतवाल ने लक्ष्मण, मोहित उप्पल ने सीता, जयदेव शर्मा ने हनुमान और हरकेश यादव ने रावण की भूमिका निभाई। अन्य पात्रों में तरुण गुप्ता, सतवीर प्रजापत, ज्ञान राजपूत, कपिल और सतीश सैनी ने अलग-अलग भूमिकाएं निभाईं। हसनगढ़ की रामलीला में गांव के दिवंगत विद्वान पंडित गणपत राय शास्त्री के रचे गीत आज भी खास पहचान रखते हैं। राम, लक्ष्मण और सीता के संवादों के दौरान इन गीतों की संगीतमय प्रस्तुति ने मंचन को विशिष्ट बनाया। रामलीला की कथा में राधेश्याम रामायण, विश्वेश्वर दयाल कुशल की रामायण, तुलसीदास की रामचरितमानस और यशवंत सिंह टोहाना की उर्दू रचना 'बहर-ए-तवील' के अंश भी शामिल हैं।

रोहतक में आज 300 ड्रोन से दिखाई जाएगी रामायण की गाथा

रोहतक। दशहरा पर्व पर मंगलवार को नई अनाज मंडी के सामने पुराना शुगर मिल ग्राउंड में सनातनी सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे। सम्मेलन में 300 ड्रोन के माध्यम से प्रभु श्रीराम की गाथा, राम-रावण युद्ध और रामायण के विभिन्न प्रसंग आसमान में दिखाए जाएंगे। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए उपायुक्त सतबीर सिंह और पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने सोमवार देर शाम अधिकारियों के साथ आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई और लोगों की सुविधा के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को आयोजन सुचारू रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार और एसडीएम आशीष कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



कुंभकर्ण ने रावण को बताया गलत युद्धभूमि में श्रीराम के हाथों हुआ वध

इससे पहले सोमवार को रामलीला महोत्सव के दसवें दिन कुंभकर्ण वध, मेघनाद वध, रावण-मंदोदरी संवाद, सुलोचना-राम संवाद और अहिरावण वध का कलाकारों ने प्रभावशाली मंचन किया। कलाकारों के सजीव अभिनय और संवादों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भगवान श्रीराम के जयकारों से पूरा रामलीला मैदान गूंज उठा। मंचन के दौरान रावण अपने भाई कुंभकर्ण को नींद से जगाकर युद्ध के लिए तैयार होने को कहता है। रावण जब सीता हरण और युद्ध की पूरी घटना बताता है तो कुंभकर्ण उसे गलत ठहराता है। हालांकि, भाई के प्रति अपना कर्तव्य निभाने के लिए वह युद्धभूमि में उतरता है, जहां भगवान श्रीराम के हाथों उसका वध हो जाता है। इस दृश्य पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। युद्ध के दौरान रावण की सेना और भगवान श्रीराम की सेना के बीच संघर्ष ने दर्शकों को रोमांचित किया।

न्यूज डायरी



बाबा बंदा बहादुर स्कूल में मनाया दुर्गा अष्टमी

रोहतक। बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल, रोहतक में दुर्गा अष्टमी एवं दशहरा पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मंच पर माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों पर आधारित मनमोहक नृत्य प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रामलीला का मंचन रहा। विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करते हुए सत्य, धर्म और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया। छोटे-छोटे विद्यार्थी राम सेना के रूप में आकर्षक वेशभूषा में मंच पर आए और जय श्रीराम के जयघोष से पूरे वातावरण को गुंजायमान कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सलिल मेहता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। सत्य, अनुशासन, मर्यादा, ईमानदारी और बड़ों के सम्मान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को एक अच्छा इंसान और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।



छात्रों ने दिया बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश

रोहतक। दुहन पब्लिक स्कूल, जसिया में नवरात्रि एवं दशहरे के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों द्वारा "बुराई पर अच्छाई की सच्ची विजय" शीर्षक से प्रेरणादायक नाटिका का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने माँ दुर्गा के नौ रूपों से प्रेरित साहस, सत्य, करुणा, धैर्य और आत्मसंयम जैसे जीवन-मूल्यों का सुंदर मंचन किया। वहीं रावण के प्रतीकात्मक पात्रों के माध्यम से अहंकार, क्रोध, ईर्ष्या व असत्य जैसी सामाजिक बुराइयों को दर्शाते हुए अपने भीतर की कमियों को समाप्त करने का संदेश दिया।कार्यक्रम में अंशु मोहन, अंशु हुड्डा, अंशिका, पायल, जिया, सिया, खुशी, शगुन, दीपिका और कन्नन सहित कई विद्यार्थियों ने शानदार अभिनय से सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अशोक दुहन, कार्यकारी निदेशक डॉ. सुनीता दुहन, प्रधानाचार्या अनु राणा और सचिव संतोष मलिक ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों में नैतिक संस्कार और आत्मविश्वास का निर्माण करती हैं।

स्वास्तिका लिटिल गार्डन प्ले स्कूल में धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व



रोहतक। लढ़ोत रोड स्थित स्वास्तिका लिटिल गार्डन प्ले स्कूल में विजयादशमी एवं दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में एक भव्य और रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों और उनके अभिभावकों ने मिलकर पर्व की खुशियों को साझा किया और डांडिया की धुनों पर जमकर थिरके।कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों को दशहरे के पावन अवसर पर असत्य पर सत्य और 'बुराई पर अच्छाई की जीत' का पावन संदेश दिया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने पारंपरिक पोशाक पहनकर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भाग लिया। डांडिया कार्यक्रम के दौरान पूरे स्कूल प्रांगण में उत्सव जैसा माहौल बना रहा, जिसमें बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन प्रो. आत्मानंद देशवाल ने सभी को विजयादशमी की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी संस्कृति, सभ्यता और नैतिक मूल्यों की जानकारी मिलती है। स्कूल की सचिव अर्चना देशवाल ने कहा कि हमें अपने जीवन में बुराइयों को त्यागकर हमेशा सच्चाई और धर्म के मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में स्कूल की अध्यापिकाएं नेहा और शैलजा सहित पूरा स्टाफ, विद्यार्थी और अभिभावक मौजूद रहे। अंत में बच्चों को मिठाइयां बांटकर त्योहार की शुभकामनाएं दी गईं।

जिला बार एसोसिएशन रोहतक में दुर्गा अष्टमी एवं महा नवमी पर हवन किया



रोहतक। जिला बार एसोसिएशन द्वारा श्री दुर्गा अष्टमी एवं महानवमी के पावन अवसर पर बार परिसर में हवन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने श्रद्धापूर्वक भाग लेते हुए हवन में आहुतियां अर्पित कीं तथा सभी के सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10:30 बजे विधिवत हवन के साथ हुआ। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उपस्थित अधिवक्ताओं ने आहुतियां अर्पित कीं। हवन के पश्चात सभी उपस्थित अधिवक्ताओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन रोहतक के प्रधान हरि स्वरूप हुड्डा ने सभी अधिवक्ताओं को श्री दुर्गा अष्टमी एवं महा नवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य, मर्यादा, न्याय, कर्तव्यनिष्ठा एवं आदर्शों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के उपप्रधान मनीष कौशिक, महिला उपप्रधान किरण श्योराण, महासचिव करण सिंह नारंग, सहसचिव प्रियंका, लाइब्रेरी इंचार्ज हेमंत लडवाल, पूर्व प्रधान लोकेंद्र सिंह फोगाट एवं अरविंद श्योराण, अधिवक्ता कुलदीप बजाड़, विपिन सैनी, अरविंद डागर, अभिषेक चौधरी, आनंद दुहन, विकास नैन, परमवीर हुड्डा, ऋषि राज नारंग, अमरजीत अहलावत, नवीन कुमार सिंघल, राम रूप नैन, संत कुमार एवं दिव्यांशु चौहान सहित बार एसोसिएशन के अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

आर्य स्कूल मदीना की छात्रा हर्षी ने माता दुर्गा के रूप में किया प्रभावी संवाद प्रस्तुत



महम। आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मदीना में विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। दशहरे के उपलक्ष्य पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सत्य की असत्य पर तथा अच्छाई की बुराई पर विजय का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नर्सरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से हुआ। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने हनुमान चालीसा का नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया। छात्राओं ने मधुर समूहगान, संगीतमय रामायण मंचन और डांडिया नृत्य से दर्शकों का मन मोह लिया। नर्सरी की छात्रा हर्षी ने माता दुर्गा के रूप में प्रभावशाली संवाद प्रस्तुत किए। वहीं, दीपा और पलक ने स्वरचित कविताओं तथा छात्र रियांश ने ज्ञानवर्धक कथा के माध्यम से दशहरे का महत्व बताया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्या लतेश दांगी ने रावण दहन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रावण अहंकार, बुराई और अधर्म का प्रतीक है। हमें अपने भीतर की बुराइयों को समाप्त कर एक सभ्य एवं संस्कारवान समाज के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए। रावण दहन के दौरान जय श्री राम के नारे लगाए गए। अंत में प्रधानाचार्या ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए दशहरे की शुभकामनाएं दीं।

जटेला धाम में शरद पूर्णिमा पर बंटेगी औषधीय खीर

रोहतक। तपोभूमि जटेला धाम माजरा दुबलधन में शरद पूर्णिमा के अवसर पर 25 अक्टूबर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं में



दुर्लभ जड़ी-बूटियों से निर्मित औषधीय खीर का वितरण किया जाएगा। जटेला धाम के पीठाधीश्वर स्वामी राजेंद्र दास महाराज ने बताया कि आयोजन में 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। वहीं जटेला धाम के प्रधानसेवक जयप्रकाश राणा ने कहा कि श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए धाम में तैयारियां तेज कर दी गई हैं और वितरण के लिए टोकन व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि परंपरा के अनुसार, शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की किरणों के सान्निध्य में हिमाचल की कंदराओं से लाई गई जड़ी-बूटियों का मिश्रण डालकर खीर तैयार करके वितरित किया जाता है। यह खीर दमा, नजला और स्वांस रोग को ठीक करने में सक्षम है। 24 अक्टूबर को स्वामी राजेंद्र दास महाराज की अमृत वाणी के साथ ही अखंड पाठ का शुभारंभ होगा। इसके लिए जटेला धाम में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।



एचडी स्कूल में बच्चों ने किया रामलीला का मंचन

महम। एचडी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल खेड़ी-महम में दशहरे के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न कविताओं, भाषणों व रामलीला के मंचन द्वारा राम के जीवन की मनमोहक झलकियां प्रस्तुत की।स्कूल के निदेशक कुलवंत नहरा ने सभी को विजय दशमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने व्यक्तित्व से बुराई रुपी रावण को मारकर सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। प्राचार्या शालिनी गुप्ता ने इस मौके पर अपने संबोधन में इस पर्व को बुराई पर अच्छाई का तथा असत्य पर सत्य का प्रतीक बताकर सभी को अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर स्कूल के सचिव संजीव छिल्लर व उप प्राचार्या इंदु नहरा समेत समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

पठानिया पब्लिक स्कूल में 36 फुट के रावण के पुतले का दहन किया

रोहतक। पठानिया पब्लिक स्कूल में सोमवार को 'सत्य और धर्म के दीप जलें' के उद्घोष के साथ विजयादशमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। विशेष प्रार्थना सभा में मंच संचालन आराध्या, खुशी, डेलिशा और युक्ति ने किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने श्रीराम के जीवन पर आधारित लघु-नाटिका, राम स्तुति, समूह गान और 'रावण बाहर नहीं अंदर भी है' जैसी कविताओं की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियाँ दीं। इसके बाद कला विभाग द्वारा निर्मित 36 फुट ऊँचे रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन और श्रीराम-सीता जी की आरती के साथ समारोह का समापन हुआ।स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया ने कहा कि स्वार्थपरता के इस दौर में हमें श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाना चाहिए। इस अवसर पर को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढाँडा व सुनीता मोर, हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

दुर्गाष्टमी व रामनवमी का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया

गौकर्ण तीर्थ में भव्य कन्या पूजन: 1100 कन्याओं के पखारे पांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ऐतिहासिक एवं पावन गौकर्ण तीर्थ स्थित डेरा श्री बाबा लक्ष्मणपुरी महाराज के परिसर में दुर्गाष्टमी व रामनवमी का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा, हर्षोल्लास और आध्यात्मिक माहौल में मनाया गया। इस शुभ अवसर पर डेरे की ओर से एक विशाल धार्मिक अनुष्ठान और भव्य कन्या पूजन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 1100 से अधिक कन्याओं का वैदिक रीति-रिवाज से पूजन कर उनसे आशीर्वाद लिया गया। दिनभर मां भगवती के जयकारों, शंखनाद और धार्मिक भजनों की गूंज से पूरा तीर्थ परिसर भक्तिमय बना रहा।यह पूरा धार्मिक आयोजन उप आचार्य गौकर्ण पीठाधीश्वर श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज की गरिमामयी देखरेख एवं





रोहतक। कन्याओं को प्रसाद देते महामंडलेश्वर बाबा विश्वेश्वरानंद महाराज व महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज।

पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। स्वामी कपिलपुरी महाराज ने स्वयं कतारबद्ध बैठीं 1100 कन्याओं के पांव पखारे और उनके मस्तक पर रोली-अक्षत का तिलक लगाया। इसके पश्चात पूरी श्रद्धा भाव के साथ सभी कन्याओं को हलवा, पूरी और चने का विशेष प्रसाद परोसकर भोग लगाया गया। पूजन संपन्न होने के बाद स्वामी जी ने सभी कन्याओं को दक्षिणा, फल व विशेष उपहार भेंट कर विदा किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कन्या पूजन के साथ-साथ डेरा परिसर में एक भव्य एवं विशाल हवन-यज्ञ का आयोजन भी किया गया। स्वामी कपिलपुरी महाराज ने बताया कि प्रात काल शुभ मुहूर्त में आरंभ हुए इस महायज्ञ में रोहतक शहर ही नहीं, बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। विद्वान आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धालुओं ने अग्नि देव को आहुतियां अर्पित कीं। श्रद्धालुओं ने एकजुट होकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, निरोगी काया और देश की खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

501 कन्याओं का पूजन किया

महामंडलेश्वर बाबा विश्वेश्वरानंद महाराज ने नौ दिन का मौन व्रत पूर्ण होने के उपरांत नवमी के अवसर पर 501 कन्याओं को कंजक के रूप में बैठाकर पूजन किया। इस दौरान कन्याओं को श्रद्धापूर्वक भोजन करवाया गया और उनका आशीर्वाद लिया गया। धार्मिक परंपरा के अनुसार, नवरात्र में कन्या पूजन को मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भी मां भगवती की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

भक्ति रस में झूमे श्रद्धालु

दुर्गाष्टमी और रामनवमी के इस दोहरे पावन अवसर पर डेरा परिसर में सुबह से लेकर शाम तक भजन-कीर्तन की अविरल धारा बहती रही। क्षेत्र की प्रसिद्ध संकीर्तन मंडलियों और भजन गायकों ने माता रानी की महिमा और प्रभु श्री राम के जीवन चरित्र पर आधारित एक से बढ़कर एक भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। भजनों की धुन पर उपस्थित श्रद्धालु और महिलाएं भावविभोर होकर झूमते और तालियां बजाते नजर आए।

पैरा एशियाई खेलों में छाए रिंकू हुड्डा

हादसे में गंवाया हाथ, अब जीत लिया गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जापान के आइची-नागोया में आयोजित पैरा एशियाई खेलों में रोहतक जिले के धामड़ गांव के लाल रिंकू हुड्डा ने भारत का नाम पूरी दुनिया में रोशन कर दिया है। रिंकू ने पुरुषों की एफ46 स्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 65.11 मीटर का थ्रो कर देश की झोली में स्वर्ण पदक डाला। रिंकू की इस शानदार उपलब्धि से उनके गांव धामड़ और पूरे प्रदेश में खुशी की लहर है। भाई अनुज ने बताया कि परिवार को रिंकू के संघर्ष और मेहनत पर गर्व है। रिंकू के घर लौटने पर गांववासी और परिजन गले मिलकर एवं मिठाइयां बांटकर उनका भव्य स्वागत करेंगे। इससे पहले वर्ष 2023 के एशियाई पैरा खेलों में रिंकू ने रजत पदक अपने नाम किया था। इस बार उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिभा के बल पर पदक का रंग बदलते हुए सोने का तमगा हासिल किया है।

- रिंकू का भाई अनुज बोला गले मिलकर खुशी जाहिर करेंगे

सफलता के पीछे कठिन संघर्ष और जीत का जज्बा

रिंकू की इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे एक भावुक और कठिन संघर्ष की कहानी छिपी है। उनके बड़े भाई अनुज ने बताया कि वर्ष 2003 में खेत में काम करने के बाद रिंकू वहीं सो गए थे। इसी दौरान धान से भूसा अलग करने वाले पंखे की पंखुड़ियों में हाथ फंसने से उनका बायां हाथ कटकर अलग हो गया था। हादसे से पहले रिंकू को क्रिकेट खेलने का बेहद शौक था। हालांकि, हाथ गंवाने के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी। वर्ष 2013 में उन्हें पैरा खेलों की जानकारी मिली और उन्होंने भाला फेंक (जैवलिन थ्रो) में अपना करियर बनाने का संकल्प लिया।



16 वर्ष की उम्र में पैरालंपिक तक का तय किया सफर

रिंकू ने वर्ष 2014 में पंचकूला में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता खेलकर अपने सफर की शुरुआत की। इसके बाद 2015 में गुजरात के गांधीनगर में हुए राष्ट्रीय खेलों में उन्होंने कांस्य पदक जीता। उनकी कड़ी लगन का ही नतीजा था कि महज 16 वर्ष की आयु में उन्होंने 2016 के रियो पैरालंपिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व किया और पांचवां स्थान हासिल किया।

पदकों से भरी हैं उपलब्धियां

- **नेशनल पैरा गेम्स:** वर्ष 2019, 2020, 2021, 2022 और 2023 में लगातार पांच बार स्वर्ण पदक जीते।
- **वर्ल्ड चैंपियनशिप:** 2019 दुबई वर्ल्ड चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहे, 2023 वर्ल्ड चैंपियनशिप में रजत पदक जीता।
- **एशियन पैरा गेम्स:** 2023 में रजत पदक के बाद अब 2026 में 65.11 मीटर थ्रो के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

विद्यार्थियों को बताई मन को एकाग्र व शांत रखने की विधि

महम। दुर्गा अष्टमी पर मॉडल स्कूल महम में ब्रह्माकुमारी संस्था की ओर से विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास एवं आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष मेडिटेशन एवं प्रेरणात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संस्था से बीके चेतना व बीके याचना ने विद्यार्थियों को ध्यान, मानसिक शांति और जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि आज के तनावपूर्ण वातावरण में मन को शांत रखना, विचारों को सकारात्मक बनाना और स्वयं पर विश्वास रखना अत्यंत आवश्यक है। मन की एकाग्रता और शांति से न केवल पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन किया जा सकता है, बल्कि जीवन की कठिन परिस्थितियों का सामना भी धैर्य और विवेक के साथ किया जा सकता है।



जयपुर में छाए म्हारे युवा एथलीट, मनवाया प्रतिभा का लोहा

छठी इंडियन ओपन अंडर-23 में हरियाणा की बेटियां बनीं चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर (राजस्थान) में 16 से 18 अक्टूबर तक आयोजित छठी इंडियन ओपन अंडर-23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2026 में हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में हरियाणा की बेटियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग में ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता के परिणाम घोषित होने पर एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह और ग्रीवेंस कमेटी (एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) के सदस्य राजकुमार मितान ने सभी पदक विजेताओं, उनके कोच और अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा के एथलीटों ने अपनी कड़ी मेहनत और अनुशासन से यह साबित कर दिया है कि राज्य का खेल भविष्य बेहद उज्जवल है और यह प्रदर्शन आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। फरीदाबाद के खेल मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार पदक जीते।



रोहतक। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।

प्रमुख पदक विजेता और प्रदर्शन

महिला हाफ मैराथन (21.098 किमी): हरियाणा की आरती ने 1 घंटा 49 मिनट 52 सेकंड का शानदार समय निकालकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

महिला 200 मीटर दौड़: हरियाणा की सोनिका ने बेहद रोमांचक मुकाबले में 23.97 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

महिला हैमर थ्रो: झज्जर (हरियाणा) की शिवानी शर्मा ने 49.68 मीटर की दूरी के साथ कांस्य पदक जीता।

पुरुष हैमर थ्रो: रोहतक के प्रतीक ने 59.20 मीटर का शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया।

महिला 400 मीटर दौड़: आंचल रानी ने 54.81 सेकंड का समय देकर कांस्य पदक जीता।

अन्य पदक: पुरुष भाला फेंक में आदित्य (द्वितीय - 75.48 मीटर) व मनीष (तृतीय - 74.50 मीटर), महिला ट्रिपल जंप में मोनिका (तृतीय - 12.36 मीटर), तथा महिला भाला फेंक में ज्योति (तृतीय - 49.50 मीटर) ने कांस्य पदक जीतकर राज्य का मान बढ़ाया।

दिल्ली हाफ मैराथन में रनर्स ग्रुप के धावकों का शानदार प्रदर्शन



रोहतक। दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित विश्वस्तरीय दिल्ली हाफ मैराथन में 'रोहतक रनर्स ग्रुप' (आरआरजी) के धावकों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन किया। इस वर्ष मैराथन का मुख्य उद्देश्य 'भूख और कुपोषण मिटाना' था, जिसमें देश-विदेश के लगभग 40,000 धावकों ने भाग लिया। ग्रुप की सुपरस्टार बिमला बनवाला ने हाफ मैराथन (21.1 किमी) को 1 घंटा 55 मिनट 38 सेकंड में पूरा कर अपने आयु वर्ग (55-59) में प्रथम स्थान प्राप्त किया और 35,000 का पुरस्कार जीता। वहीं विनीता साकिया ने 10 किमी दौड़ 51 मिनट 42 सेकंड में पूरी कर दूसरा स्थान (10,000 पुरस्कार) तथा पवन डागर ने अपने आयु वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की उपस्थिति में सुबह 5:30 बजे शुरू हुई इस ऐतिहासिक दौड़ में रामफल फोगाट, चंद्रपाल बनवाला, जितेंद्र गहलावत, अमिताभ दलाल, चहल दंपति (ज्योति व देवेंद्र) सहित आरआरजी के दर्जनों धावकों का प्रदर्शन भी बेहद सराहनीय रहा।



धर्मबीर हुड्डा की माता किताबो देवी को पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु सहित दिग्गजों ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जाट शिक्षण संस्था के पूर्व प्रधान धर्मबीर हुड्डा की माता किताबो देवी की तेरहवीं क्रिया पर श्रद्धांजलि सभा और हवन यज्ञ किया गया। जिसमें अनेक राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। धर्मबीर हुड्डा के पैतृक गांव रुड़की में सुबह से ही लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था और हजारों लोगों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। जाट शिक्षण संस्था से सभी कॉलेजियम सदस्य, स्टॉफ और विद्यार्थियों की तरफ से तथा हुड्डा खाप की तरफ से शोक संदेश दिया गया। शोक प्रकट करने के लिए कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा, पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली गांव रूड़की पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी। इसके अलावा जिला परिषद चेयरपर्सन मंजू हुड्डा, बहादुरगढ़ चैंबर के पूर्व अध्यक्ष अशोक रेड्डू, सतीश छिकारा, गुलाब सिंह दिमाना प्रधान जाट शिक्षण संस्था, पूर्व प्रधान राज सिंह नांदल, मास्टर सुरेंद्र सिंह नांदल, संजय देसवाल देसवाल खाप प्रधान, पूर्व मंत्री सुभाष बत्रा, पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा, व्यापार मंडल अध्यक्ष गुलशन डंग, सांपला कमेटी चेयरमैन प्रवीण कोच , रोहतक बार एसोसिएशन के प्रधान हरि स्वरूप हुड्डा, पूर्व प्रधान लोकेन्द्र फोगाट, पूर्व विधायक बलराज कुंडू, शमशेर खरकड़ा, नवीन जयहिंद, सीएम के ओएसडी गजेंद्र फोगाट समेत अनेक गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

- जाट शिक्षण संस्था के पूर्व प्रधान की माता की तेरहवीं पर श्रद्धांजलि सभा व हवन यज्ञ किया



रोहतक। जाट शिक्षण संस्था के पूर्व प्रधान की माता किताबो देवी की तेरहवीं पर पहुचें पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु।



द आर्यन ग्लोबल स्कूल में दशहरा पर्व मनाया

रोहतक। द आर्यन ग्लोबल स्कूल में दशहरे के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक के रूप में नकारात्मकता के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सत्य, अहिंसा और नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की डायरेक्टर सुनीता अहलावत एवं प्रधानाचार्य आर. के. खन्ना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सच्ची सफलता केवल उपलब्धियों से नहीं, बल्कि श्रेष्ठ चरित्र और ईमानदारी से मिलती है।



रणजी ट्रॉफी में चमके रोहतक के निशांत

- ऑलराउंड प्रदर्शन से निशांत ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 92 रन बनाए और 6 विकेट चटकाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

चौधरी बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए रणजी ट्रॉफी मुकाबले में हरियाणा की टीम ने चंडीगढ़ के खिलाफ पारी और 24 रन से शानदार जीत दर्ज की। इस मुकाबले में हरियाणा के स्टार ऑलराउंडर निशांत सिंधु ने बल्ले और गेंद दोनों से धमाकेदार प्रदर्शन कर टीम की जीत में सबसे अहम भूमिका निभाई। निशांत ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 92 रन बनाए और 6 विकेट लिए। चंडीगढ़ की टीम पहली पारी में महज 103 रनों पर ढेर हो गई थी। इसके जवाब में हरियाणा ने संभलकर खेलते हुए पहली पारी में 245 रन बनाए, जिसमें निशांत सिंधु ने अपनी तकनीकी दक्षता और संयम का परिचय देते हुए टीम के स्कोर को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। निशांत ने क्रीज पर टिककर बहुमूल्य रन जोड़े, जिससे हरियाणा ने पहली पारी के आधार पर 142 रनों की महत्वपूर्ण और निर्णायक बढ़त हासिल की।



स्पीन के जादू में उलझा चंडीगढ़

इसके बाद जब चंडीगढ़ की टीम दूसरी पारी में पिछड़ने के बाद मैदान पर उतरी, तो निशांत सिंधु का जादू गेंद के साथ देखने को मिला। उन्होंने अपनी सटीक और घूमती हुई गेंदों से चंडीगढ़ के बल्लेबाजों को टिकने का कोई मौका नहीं दिया। मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाजों को समेटते हुए उन्होंने विरोधी टीम की बल्लेबाजी रीढ़ तोड़ दी, जिसके चलते चंडीगढ़ की दूसरी पारी भी ताश के पत्तों की तरह ढह गई और पूरी टीम 118 पर सिमट गई। निशांत ने कठिन परिस्थितियों में एक बार फिर साबित कर दिया कि वे हरियाणा क्रिकेट टीम के सबसे बड़े मैच विनर क्यों हैं। उनकी इस लाजवाब गेंदबाजी और उपयोगी बल्लेबाजी के दम पर ही हरियाणा ने मैच के दो ही दिनों के भीतर चंडीगढ़ पर एकतरफा और ऐतिहासिक जीत दर्ज कर अंक तालिका में अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली है।



रामलीला में श्रीराम के आदर्श अपनाने का दिया संदेश

रोहतक। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने शहर में दो स्थानों पर रामलीला मंचन का शुभारंभ किया। उन्होंने श्री प्राचीन रामलीला सोसाइटी (लोकल) और पुरानी आईटीआई मैदान में श्री रामलीला उत्सव कमेटी के आयोजन में शिरकत की। इस दौरान भगवान श्रीराम के जयकारों से पंडाल गूंज उठे। एलपीएस बोसार्ड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन भी मौजूद रहे। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा, त्याग, समर्पण और आदर्शों की अनुपम मिसाल है। रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और संस्कारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम है। युवाओं को आधुनिक शिक्षा और तकनीक के साथ अपने संस्कारों से भी जुड़े रहना चाहिए। मंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम ने कठिन परिस्थितियों में भी सत्य, धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनके जीवन से सीख लेकर समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव को मजबूत किया जा सकता है।



खबर संक्षेप

21 को शहीद जवानों को देंगे श्रद्धांजलि

रोहतक। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर 21 अक्टूबर को पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिसकर्मियों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। समारोह की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित करेंगे।

यूनियन प्रतिनिधियों को प्रताड़ित करने का आरोप

रोहतक। हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा डिपो ने कर्मचारियों की लंबित मांगों का समाधान नहीं होने और यूनियन प्रतिनिधियों को कथित रूप से प्रताड़ित किए जाने के आरोप लगाते हुए डिपो महाप्रबंधक के प्रति कड़ा विरोध जताया है। मोर्चा का कहना है कि मांगों पर बातचीत कर समाधान निकालने की बजाय ऐसे आदेश जारी किए जा रहे हैं, जिनसे कर्मचारियों और यूनियन प्रतिनिधियों में रोष है।

24 को मंत्री गंगवा के आवास पर महापड़ाव

महम। आईबी मदीना ब्रांच रजिस्टर नंबर 41 की बैठक मदीना रेस्ट हाउस में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सोमबीर दांगी ने की, जबकि मंच का संचालन राजेंद्र सिंह डाबला ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान राकेश लाकड़ा ने कहा कि 24 अक्टूबर 2026 को मंत्री रणबीर गंगवा के निवास स्थान पर कर्मचारियों द्वारा महापड़ाव आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी कर्मचारियों से महापड़ाव में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।

22 को नगर पालिका में रक्तदान शिविर

महम। जनसेवा समिति द्वारा वीरवार 22 अक्टूबर को नगर पालिका महम के कार्यालय में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। जनसेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष बसंत लाल गिरधर ने बताया कि समिति का यह 181 वां रक्तदान शिविर है। शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर दो बजे तक चलेगा। इस शिविर में अधिक से अधिक व्यक्ति रक्तदान करके पुण्य कमाएं।

सीएम साहब आते रहा करो

नायब सैनी के दौरे से पहले फिरे दिल्ली रोड के दिन, कई दिनों से खा रहे थे हिचकोले, भर दिए गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आखिरकार पिछले कई माह से टूटे दिल्ली रोड के दिन सीएम नायब सिंह सैनी के मंगलवार के रोहतक दौरे से पहले ही फिर गए। सोमवार को यहां सड़क पर बने गड्ढे भर दिए गए और बताया जा रहा है कि जल्द सड़क को बना दिया जाएगा। बता दें कि दशहरा पर्व के अवसर पर 20 अक्टूबर को नई अनाज मंडी के सामने स्थित ओल्ड शुगर मिल ग्राउंड में भव्य सनातनी सम्मेलन में सीएम बतौर मुख्यअतिथि शामिल होंगे। उनके का हेलीकॉप्टर बाबा मस्तनाथ विवि में लैंड करेगा और वे यहां से सड़क से कार्यक्रम स्थल तक जाएंगे। इसे देखते हुए दिल्ली रोड पर सोमवार को दिनभर काम चला और सड़क को साफ सुथरा कर दिया गया। बता दें कि बाबा मस्तनाथ मठ के सामने अंडरपास का निर्माण पूरा होने के बाद अब इसके ऊपर सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। पिछले करीब दो माह से इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों और आमजन को धूल के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब सड़क निर्माण शुरू होने से लोगों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। अधिकारियों के अनुसार, इसी सप्ताह सड़क के दोनों तरफ निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

पिछले कई सालों से टूटी सड़क बननी शुरू हुई

पांच माह में पूरा हुआ अंडरपास का काम

जनवरी तक निर्माण पूरा करने का लक्ष्य था



अंडरपास का निर्माण तय समय से पहले ही पूरा किया: ठेकेदार

ठेकेदार सुरेंद्र का कहना है कि इस परियोजना की खास बात यह है कि सड़क और अंडरपास का निर्माण निर्धारित समय से पहले पूरा कर लिया गया है। निर्माण कार्य पूरा करने की समय सीमा जनवरी माह तक तय की गई थी, लेकिन करीब पांच माह में ही अंडरपास का काम पूरा कर लिया गया। अब इसके ऊपर सड़क बनाने का काम शुरू होने से परियोजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सड़क निर्माण के दौरान वाहन चालकों को ज्यादा परेशानी न हो, इसके लिए रात के समय काम करने की योजना बनाई गई है। अंडरपास के ऊपर सड़क की परत बिछाने का काम पूरा होने के बाद मार्ग को बेहतर तरीके से इस्तेमाल किया जा सकेगा।

महंत बाबा बालकनाथ करेंगे शिलान्यास

बाबा मस्तनाथ मठ के मठाधीश एवं राजस्थान के तिजारा से विधायक बाबा बालकनाथ इस सड़क का शिलान्यास करेंगे। सड़क निर्माण पूरा होने के बाद क्षेत्र के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलने की उम्मीद है। अब लोगों की नजर इसी सप्ताह काम पूरा होने पर टिकी है, ताकि लंबे समय से धूल और निर्माण कार्य के कारण हो रही परेशानी से राहत मिल सके।

मनीष व मेयर के सामने पार्षदों ने रोया दुखड़ा अब हाउस से पहले अफसरों के साथ मीटिंग

पार्षद बोले, पीने का पानी नहीं मिल रहा, सीवर व्यवस्था बेहाल | **पूर्व मंत्री ग्रोवर बोले, भाजपा की सरकार है, सभी का काम होगा** | **मेयर बोले, पार्षदों के कार्य को देंगे प्राथमिकता, अफसरों को देंगे निर्देश** | **हाउस मीटिंग से पहले जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और डीसी से होगी पार्षदों की बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हाउस की मीटिंग में हंगामा न हो, इसलिए सोमवार को पार्षदों की मीटिंग बुलाई गई। जिसमें नाराज पार्षदों को मनाने के लिए प्रयास किए गए। बैठक में मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने बताया कि निगम की तरफ से शहर के विकास कार्यों पर एक साल में करीब 170 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इनमें अधिकतर काम पूरे हो चुके हैं और कुछ प्रतिशत कार्य अभी लम्बित हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को भी स्पष्ट किया जाएगा कि वह पार्षदों के कार्यों को प्राथमिकता पर करवाएं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने साफ कहा कि भाजपा की सरकार है, किसी पार्षद को परेशान होने की जरूरत नहीं है। उनके सभी काम पूरे करवाए जाएंगे। सभी एकजुट होकर आमजन के लिए कार्य करते रहें। मीटिंग में कई पार्षदों ने अपने वार्डों में सीवर, पेयजल और कम्युनिटी सेंटर जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं रखी। करीब सवा घंटे तक चली बैठक में पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याएं खुलकर रखीं। पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर और मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने पार्षदों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा और सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य कराए जाएंगे। साथ ही हाउस की बैठक से पहले जिला उपायुक्त और जन स्वास्थ्य विभाग के साथ मीटिंग की जाएगी।





सीवर, पानी और कम्युनिटी सेंटर की समस्याएं उठाईं

बैठक में पहुंचे अधिककतर पार्षदों ने अपने वार्डों में विकास कार्यों की स्थिति और लोगों को आ रही परेशानियों से अवगत कराया। किसी ने सीवर की समस्या उठाई तो किसी ने पेयजल आपूर्ति से जुड़ी शिकायत रखी। इसके अलावा कम्युनिटी सेंटर की समस्याओं और वार्डों में लंबित विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा हुई। पार्षदों का कहना था कि जनता उनके पास समस्याएं लेकर आती है, लेकिन समय पर समाधान नहीं होने के कारण उन्हें लोगों के सवालों का सामना करना पड़ता है। बैठक में पार्षदों की नाराजगी दूर करने के साथ ही आगामी हाउस की मीटिंग से पहले समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर आपसी तालमेल बनाने पर जोर दिया गया। पार्षदों ने उम्मीद जताई कि अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश मिलने के बाद वार्डों में लंबित कामों को गति मिलेगी।

सभी वार्डों में समान रूप से होंगे काम : ग्रोवर

पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने पार्षदों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है और सभी पार्षदों के वार्डों में सम्मान रूप से विकास कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पार्षद एकजुटता के साथ जनता के लिए काम करते रहें। जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे लोगों की समस्याओं को उठाएं और उनके समाधान के लिए मिलकर प्रयास करें। उन्होंने पार्षदों को भरोसा दिलाया कि विकास कार्यों में किसी वार्ड के साथ भेदभाव नहीं होने दिया जाएगा। बैठक का उद्देश्य भी पार्षदों की समस्याओं को सुनकर उनकी नाराजगी दूर करना और विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए समन्वय स्थापित करना रहा।

शिकायतों पर प्राथमिकता से करें कार्रवाई: मेयर

मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने भी पार्षदों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए जाएंगे कि पार्षदों की ओर से उठाई जाने वाली शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर काम करें। वार्डों में बुनियादी सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए अधिकारियों को गंभीरता से प्रयास करने होंगे, ताकि आमजन को राहत मिल सके। अब 22 अक्टूबर को होने वाली नगर निगम हाउस की बैठक में विकास कार्यों और वार्डों की समस्याओं को लेकर चर्चा होने की संभावना है। ऐसे में सोमवार की बैठक को हाउस की मीटिंग से पहले पार्षदों और निगम नेतृत्व के बीच संवाद बढ़ाने की कवायद

कल पब्लिक हेल्थ और डीसी के साथ बैठक

पार्षदों की समस्याओं और उनके कामकाज से जुड़ी आगामी गतिविधियों को लेकर भी कार्यक्रम तय किए गए हैं। 21 अक्टूबर को पार्षदों की पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों और जिला उपायुक्त के साथ बैठक होगी। इसमें संबंधित विभाग से जुड़ी समस्याओं को उठाने और उनके समाधान पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद 23 अक्टूबर को पार्षदों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें नगर निगम के साथ समन्वय बनाकर काम करने, निगम की कार्यप्रणाली को समझने और अपने दायित्वों के निर्वहन से संबंधित जानकारी दी जाएगी। बैठक में अधिकतर पार्षद, महिला पार्षद और उनके प्रतिनिधि शामिल हुए।



ओल्ड आईटीआई की ओर शाम पांच बजे के बाद बड़े वाहनों की नो एंट्री

दशहरे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम 8 जगह नाकाबंदी

रावण दहन के दौरान भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात, नो पार्किंग जोन में खड़े वाहन क्रेन से उठाए जाएंगे

रोहतक (हरिभूमि न्यूज)। विजय दशमी के पर्व पर जिले में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। ओल्ड आईटीआई मैदान में होने वाले रावण दहन के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने और यातायात सुचारु रखने के लिए आठ स्थानों पर नाकाबंदी की गई है। सोमवार शाम पांच बजे से रावण दहन का कार्यक्रम संपन्न होने तक ओल्ड आईटीआई मैदान की ओर जाने वाले रास्तों पर विशेष प्रतिबंध लागू रहेंगे। इस दौरान कार और अन्य बड़े वाहनों को मैदान की तरफ जाने की अनुमति नहीं होगी। लोगों को वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना और चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजपत्रित अधिकारी लगातार गश्त कर स्थिति पर नजर रखेंगे। बाजारों और भीड़भाड़ वाले संकरे स्थानों पर पैदल गश्त बढ़ाई गई है। वहीं, अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सीआईए की टीमें गठित की गई हैं। स्वाट टीम भी हथियारों से लैस होकर गश्त करेगी।

पार्किंग के लिए निर्धारित स्थान का करें इस्तेमाल

पुलिस ने रावण दहन देखने आने वाले लोगों से अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर खड़े करने की अपील की है। मदन लाल धींगड़ा सामुदायिक केंद्र के पीछे खाली मैदान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। सड़क और नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ऐसे वाहनों को क्रेन से उठाने के लिए भी अलग से इयूटी लगाई गई है। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध वस्तु को हाथ न लगाएं। संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या वाहन दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। लोग डायल 112, पुलिस कंट्रोल रूम रोहतक के नंबर 01262-228113 या मोबाइल नंबर 9996464100 पर संपर्क कर सकते हैं। चेकिंग के दौरान पुलिस का सहयोग करने और यातायात नियमों का पालन करने की भी अपील की गई है।

फोटोग्राफी प्रतियोगिता में अनीश देबनाथ ने पहला स्थान हासिल किया



रोहतक। श्री लाल नाथ हिन्दू कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा की अध्यक्षता में फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मीडिया लैब में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभाग के कैमरों का उपयोग करते हुए अपनी रचनात्मक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बी.ए. (पत्रकारिता एवं जनसंचार) प्रथम वर्ष के छात्र अनीश देबनाथ ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं, सन्नी ने द्वितीय तथा रोहित कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और रचनात्मक सोच के विकास में सहायक होती हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. सुमित कुमार ने कहा कि फोटोग्राफी पत्रकारिता का अहम हिस्सा है, जो बिना शब्दों के भी भावनाओं और घटनाओं को प्रभावशाली ढंग से व्यक्त करती है। अंत में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संदीप ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

10 गांवों और शहर में इन खसरा नंबरों पर प्लॉट खरीदने से बचें

रोहतक (हरिभूमि न्यूज)। सुंदरपुर, मायना, सराय अहमद, गढ़ी बोहर, बोहर, रोहतक, सांपला, कारौर, खरावड़ और गिझी में चिन्हित जमीनों पर अनधिकृत कॉलोनियां विकसित करने पर प्रशासन ने सख्ती की है। इन राजस्व संपदाओं में चिह्नित खसरा नंबरों पर बिक्री विलेख, एग्रीमेंट टू सेल, फुल पेमेंट एग्रीमेंट और पावर ऑफ अटॉर्नी के पंजीकरण पर रोक लगाई गई है। इन जमीनों पर बिजली कनेक्शन भी जारी नहीं किए जाएंगे।

नगर योजनाकार विभाग से लाइसेंस, सीएलयू या एनओसी लिए बिना कॉलोनियां विकसित करना नियमों के विरुद्ध है। उप-पंजीयकों, एसडीएम, तहसीलदारों और जिला राजस्व अधिकारियों को रजिस्ट्री पर रोक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो को अवैध निर्माण रोकने और संबंधित स्थलों पर निगरानी रखने को कहा गया है। जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने लोगों से संपत्ति खरीदने से पहले जमीन की वैधानिक स्थिति जांचने की अपील की है, ताकि निवेश के बाद कानूनी और आर्थिक नुकसान से बचा जा सके।



चिह्नित राजस्व प्रोपर्टी और खसरा नंबर

सुंदरपुर: 56//5/3, 57//1, 2
मायना: 28//2/2/1/2, 28//3/2/2/1/1, 4/2/1/1, 8/1/3, 8/1/2, 3/2/2/3, 3/1/2/3, 8/2/1, 2/2/2, 9/1
सराय अहमद: 23//20/1, 20/2, 20/3, 24//19, 21/1/2, 21/2, 22/2, 28//1/1, 1/2, 10
गढ़ी बोहर: 320//7/1, 7/2, 14
बोहर: 159//21, 178//1/1, 1/2, 1/3
रोहतक: 1078 से 1097 तक, 1555, 1556, 1557, 1558, 1559, 1208/3, 1209, 1210, 1211, 1212, 1213, 1222, 1224, 1225, 5800, 5801, 5803, 5804, 5805, 5799, 5797
सांपला: 63//11 मिन व 12
कारौर: 4//2, 9, 10, 18
खरावड़: 37//9/1, 10, 11/1
गिझी: 7//25, 8//5, 72//21/1, 81//17, 18, 19, 22, 23, 24

त्योहारों से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई मिठाइयों और खाद्य पदार्थों के 10 नमूने लिए

- कुकीज, ब्राउनी, काजू कतली, खोया बर्फी और गुलाब जामुन समेत कई उत्पाद जांच के लिए भेजे; इस्तेमाल किए गए तेल का भी लिया नमूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

त्योहारों का सीजन शुरू होते ही बाजारों में मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ने लगी है। इसी को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने और लोगों को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से बाजारों में जांच अभियान चलाया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों लक्ष्मी नरवाल और संदीप राठी ने विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 10 नमूने लिए। इनमें मिठाइयों के साथ बेकरी उत्पाद, सूखे मेवे और इस्तेमाल किया गया तेल भी शामिल है। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा, ताकि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और निर्धारित मानकों के अनुरूप होने की जांच की जा सके। अभियान के दौरान कुकीज, ब्राउनी, काजू कतली, खोया बर्फी, गुलाब जामुन, काजू, छुआरे, इस्तेमाल किए गए तेल, डोडा बर्फी और चमचम के नमूने लिए गए। त्योहारों के दौरान मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों की खपत बढ़ने के कारण उनकी गुणवत्ता पर निगरानी रखना महत्वपूर्ण हो जाता है। ऐसे में विभाग की ओर से की गई कार्रवाई को मिलावट के खिलाफ अभियान का हिस्सा माना जा रहा है।



जांच रिपोर्ट के आधार पर होगी आगे की कार्रवाई

खाद्य पदार्थों के नमूने लेने के बाद उनकी प्रयोगशाला में जांच करवाई जाएगी। रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि संबंधित खाद्य पदार्थ गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा के निर्धारित मानकों पर खरे उतरते हैं या नहीं। यदि नमूने में मिलावट अथवा मानकों का उल्लंघन पाया जाता है, तो नियमानुसार संबंधित विक्रेता या प्रतिष्ठान के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

त्योहारों में खरीदारी करते समय बरतें सावधानी

त्योहारी सीजन में मिठाइयों, बेकरी उत्पादों और अन्य खाद्य सामग्री की खरीदारी करते समय उपभोक्ताओं को भी सावधानी बरतनी चाहिए। खाद्य पदार्थों की ताजगी, पैकेट पर अंकित निर्माण और उपयोग की अंतिम तिथि तथा साफ-सफाई का ध्यान रखना जरूरी है। खाद्य सुरक्षा विभाग की ऐसी जांच का उद्देश्य बाजार में बिकने वाली खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर नजर रखना और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

सख्ती | **डीसी कार्यालय में लगाया गया समाधान शिविर, सुनीं समस्याएं**

शहर की सड़कों के गड्ढे भरने और ढक्कनों को समतल करने के अफसरों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बारिश और उससे पहले शहर की सड़कों पर बने गड्ढें लोगों के लिए परेशानी का सबब काफी लम्बे समय से बने हुए हैं। अब इन्हें भरा जा सकता है, ऐसी उम्मीद लोगों को लगा लेनी चाहिए। सोमवार को डीसी कार्यालय में आयोजित किए गए समाधान शिविर में अधिकारियों को गड्ढे भरने और ढक्कनों को सड़क के समतल करने के निर्देश दिए गए हैं। सड़कों की बदहाल स्थिति के कारण वाहन चालकों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ती है। गड्ढों से बचने के लिए अचानक वाहन मोड़ने पड़ते हैं, जिससे पीछे से आ रहे वाहनों के टकराने और दोपहिया चालकों के संतुलन बिगड़ने का खतरा रहता है।



रोहतक। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते एसडीएम आशीष कुमार और नगराधीश शुभम ।

ऊंचे-नीचे ढक्कनों से भी परेशानी

सीवर और अन्य ढक्कन सड़क के स्तर से ऊपर या नीचे होने पर वाहन उछलते हैं। इससे दोपहिया वाहन चालकों को संभलकर निकलना पड़ता है। ढक्कनों से बचने के लिए अचानक दिशा बदलने पर आसपास चल रहे वाहनों से टक्कर की आशंका भी रहती है। ऐसे में केवल गड्ढे भरना ही नहीं, बल्कि ढक्कनों को सड़क के समतल करना भी जरूरी है।

अक्सर चालक का बिगड़ जाता है संतुलन

सड़कों पर बने गड्ढों के कारण वाहन चालकों को गति कम करनी पड़ती है। व्यस्त मार्गों पर अचानक ब्रेक लगाने से यातायात प्रभावित होता है। दोपहिया वाहन का पहिया गड्ढे में पड़ने से चालक का संतुलन बिगड़ सकता है। रात के समय कम रोशनी और बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भरने से उनकी गहराई का अंदाजा लगाना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है।

समय पर कार्रवाई के निर्देश

सोमवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम आशीष कुमार और नगराधीश शुभम ने लोगों की समस्याएं सुनीं। एसडीएम ने इंजीनियरिंग विभागों को सड़कों पर गड्ढे नहीं रहने देने और जनस्वास्थ्य विभाग को सीवर व अन्य ढक्कनों को सड़क के समतल रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध निपटारा करने और शिकायतकर्ताओं को कार्रवाई की जानकारी देने को भी कहा गया। महम और सांपला में भी समाधान शिविर लगाए गए।

नांदल खाप आज नांदल भवन में होगी एकजुट

रोहतक (हरिभूमि न्यूज)। हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के नांदल गोत्र से जुड़े गांवों के लोग 20 अक्टूबर को बोहर स्थित नांदल भवन में एकजुट होंगे। अखिल भारतीय नांदल खाप की ओर से आयोजित भाई मिलन समारोह में आपसी भाईचारे को मजबूत करने के साथ खाप, गोत्र और गांवों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। सामाजिक विषयों पर विचार-विमर्श के अलावा समारोह में खेल व शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करने वाली युवा प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। समारोह सुबह 10 बजे हवन यज्ञ के साथ शुरू होगा। इसमें तीन राज्यों के खाप से जुड़े गांवों के सदस्य परिवार सहित शामिल होंगे। इसे आपसी संपर्क बढ़ाने और सामाजिक विषयों पर सामूहिक चर्चा का अवसर बनाया जाएगा।

- कार्यक्रम में 3 राज्यों के लोग पहुंचेंगे
- प्रतिभाओं को सम्मानित करेंगे खाप चौधरी

खिलाड़ियों और मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगा सम्मान

नांदल खाप 2024-25 और 2025-26 में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के पदक विजेताओं व एचपीएससी और यूपीएससी परीक्षाओं में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले युवाओं को भी सम्मान दिया जाएगा। दसवीं और बारहवीं में 90 प्रतिशत या इससे अधिक अंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को मानपत्र और नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। अखिल भारतीय नांदल खाप के प्रवक्ता जसवंत नांदल ने बताया कि समारोह और प्रतिभाओं को सम्मानित करने संबंधी निर्णय खाप प्रधान चौधरी ओमप्रकाश नांदल की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गए।

अविश्वास प्रस्ताव गिरा

एक वोट से बची जिप वाइस चेयरमैन अनिल हुड्डा की कुर्सी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

14 में से 10 पार्षद पहुंचे बैठक में, 9 ने अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया, एक वोट रद्द हुआ

जिला परिषद के वाइस चेयरमैन अनिल हुड्डा के खिलाफ सोमवार को लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गिर गया है। 14 में से 10 पार्षद बैठक में पहुंचे। इनमें नौ ने अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया, जबकि एक वोट रद्द हो गया। जरूरी दो-तिहाई बहुमत नहीं मिलने से हुड्डा की कुर्सी बच गई। संयोग से आज ही उनका 39वां जन्मदिन भी था। कुर्सी बचने की खुशी में समर्थकों ने केक काटा और फूल-मालाओं से स्वागत किया। बैठक में डीसी सतबीर सिंह और जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल भी मौजूद रहे। ध्यान रहे कि जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा के नेतृत्व में 10 पार्षदों ने 17 सितंबर को वाइस चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए शपथ पत्र दिया था। इसके बाद बैठक बुलाने की मांग की गई। पहले बैठक 14 अक्टूबर को निर्धारित थी, लेकिन डीसी की अनुपस्थिति के कारण इसे 19 अक्टूबर तक स्थगित कर दिया गया था।

गाली-गलौज करने और धमकी देने के आरोप

चेयरपर्सन मंजू हुड्डा ने कहा कि महिला पार्षद के सम्मान के मुद्दे पर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। पार्षद सुमन ने वाइस चेयरमैन पर फोन पर गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। इस संबंध में एसपी को शिकायत दी गई थी। हुड्डा ने वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाए और कहा कि मामले की जांच चल रही है।

39वां जन्मदिन पर मिला तोहफा

■

विपक्षियों को नहीं मिला जरूरी दो तिहाई बहुमत

चार पार्षद मेरे संपर्क में थे, व्यस्त होने से नहीं पहुंचे

वाइस चेयरमैन अनिल हुड्डा ने वित्तीय घोटाले के आरोपों को हास्यास्पद बताया। उन्होंने कहा कि चेयरपर्सन के हस्ताक्षर के बिना कोई भुगतान नहीं हो सकता। यदि उन्होंने वित्तीय घोटाला किया है तो चेयरपर्सन को इस्तीफा दे देना चाहिए। हुड्डा ने दावा किया कि चार पार्षद उनके संपर्क में थे, लेकिन वे काम में व्यस्त होने के कारण नहीं पहुंच पाए। बैठक से पहले विरोधी पक्ष के समर्थक फूल-मालाएं लेकर पहुंचे थे। अविश्वास प्रस्ताव गिरने के बाद मालाएं बाहर फेंक दी गईं।

न्यूज डायरी



पार्कों में बिना अनुमति निजी कार्यक्रम पर रोक

रोहतक। शहर के पार्कों को हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का केंद्र बनाए रखने के लिए नगर निगम ने सख्त रुख अपनाया है। निगम की ओर से पार्कों में बिना अनुमति निजी कार्यक्रम आयोजित करने पर रोक लगाई गई है। इसी कड़ी में सुभाष नगर स्थित नेताजी सुभाष पार्क में रावण दहन, मेले और अन्य निजी कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर स्पष्ट चेतावनी नोटिस लगाए गए हैं। नगर निगम ने चेताया है कि आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। आरडब्ल्यूए पदाधिकारी प्रवीण सहगल सहित राजेश मलिक, राजीव, ध्यान चंद, शैलेंद्र शर्मा, शिव कुमार, देवेंद्र छाबड़ा व अन्य ने इसका स्वागत किया है।



स्वामी नितानंद पब्लिक स्कूल में मना दशहरा

रोहतक। स्वामी नितानंद पब्लिक स्कूल में विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास व धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कक्षा 11वीं के छात्रों द्वारा कड़ी मेहनत से तैयार किया गया रावण का विशाल पुतला रहा, जिसकी सभी ने सराहना की।कार्यक्रम का संयोजन धर्म देव ने किया, जिनके नेतृत्व में 'जय श्री राम' के नारों से पूरा प्रांगण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर कक्षा 10वीं की छात्रा सलोनी ने प्रभावशाली भाषण देते हुए त्रेता युग और आधुनिक युग के रावण भ्रष्टाचार, अपराध और नफरत के बीच का अंतर स्पष्ट किया। उसकी वाक्पटुता से प्रभावित होकर चेयरमैन सुमीत मलिक ने उसे पुरस्कृत कर आशीर्वाद दिया।

एचसीएस में चयनित रजत का किया सम्मान

रोहतक। एच.डी. पब्लिक स्कूल, बहुअकबरपुर में हरियाणा सिविल सर्विसेज (एचसीएस) परीक्षा में 6ठा रैंक हासिल करने वाले पूर्व छात्र रजत फौगाट के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा महिला एवं बाल विकास निगम की चेयरपर्सन सुनीता दांगी, पूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारियों, आसपास के गांवों के सरपंचों और गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत कर रजत को मेडल, पगड़ी व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। एच.डी. संस्थान के निदेशक सुरेंद्र फौगाट और बलराज फौगाट ने रजत की सफलता को संस्थान के लिए गौरव क्षण बताते हुए उन्हें जनसेवा और कर्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ाया। रजत की माता राजबाला फौगाट ने उनके निरंतर संघर्ष और समर्पण के अनुभव साझा किए। अंत में एच.डी. एजुकेशन सोसायटी के सचिव बलजीत सिंह नेहरा ने सभी अतिथियों का आभार जताया।



खेलों में नाम कमा रहा युवा : कटारिया

रोहतक। गांव मायना में टीम रॉकी मायना द्वारा फ्री स्टाइल कबड्डी टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में युवा प्रेरक संदीप कटारिया ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। समारोह को संबोधित करते हुए संदीप कटारिया ने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास शारीरिक, मानसिक विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष करने की शक्ति का विकास होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ी पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा का डंका बजा रहे है। इस अवसर पर लक्ष्य सैनी, रोहित, रोहित खटक, बीका मेहरा, सुमित चिंदलिया, आशीष बिशप तथा स्थानीय ब्लॉक समिति पार्षद सहित सैकड़ों की संख्या में युवा और ग्रामीण उपस्थित रहे।



एमडीयू में चार पुस्तकों का लोकार्पण

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (मदवि) के विवेकानंद पुस्तकालय के तत्वावधान में 17 अक्टूबर को पुस्तक लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी लाइब्रेरियन डॉ सतीश कुमार मलिक ने बताया कि इस पुस्तक लोकार्पण समारोह में चार पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। ये पुस्तकें हैं मधुकांत द्वारा संपादित स्वामी विवेकानंद के प्रेरक प्रसंग, प्रो. शामलाल कौशल द्वारा संपादित दामाद की गधे की सवारी, कंचन मखीजा द्वारा संपादित चिन्मय कोश, चिन्मय कोश द्वितीय भाग तथा डॉ कृष्ण लाल गिरधर द्वारा संपादित बदलते परिवेश। प्रतिष्ठित शिक्षाविद, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व प्रो वाइस चांसलर डॉ डी.एस. हुडा ने इन चारों पुस्तकों का लोकार्पण लाइब्रेरियन डॉ सतीश मलिक की उपस्थिति में किया। इन चारों लेखकों ने अपनी पुस्तकों बारे कार्यक्रम में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ सीमा देसवाल ने किया।

जाति के आधार पर भेदभाव देश के लिए घातक



रोहतक। विश्व हिंदू परिषद की ओर से रविवार को जेपी इंटरनेशनल स्कूल में संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में सामाजिक समरसता संगोष्ठी आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष राजीव मलिक की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विहिप के केंद्रीय सह-संगठन मंत्री विनायक राव देशपांडे ने जातिगत भेदभाव समाप्त कर समरस और संगठित हिंदू समाज बनाने का संकल्प दोहराया। विनायक राव देशपांडे ने कहा कि समाज में कोई ऊंचा या नीचा नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति सम्मान का अधिकारी है। जाति, भाषा और सामाजिक पृष्ठभूमि के आधार पर भेदभाव सामाजिक एकता के विपरीत है।

बेटियों को समान अवसर देना जरूरी : डॉ. वर्मा

रोहतक। सिविल सर्जन डॉक्टर कमला वर्मा और वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजीव कुमार मलिक के आदेशों की पालना में उप-मंडल नागरिक अस्पताल कलानौर के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र कलानौर फर्स्ट पर बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए एक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में मुख्य वक्ता ब्लॉक एक्सटेंशन एजुकेटर डॉक्टर जसवीर रंगा रहे। इस अवसर पर डॉक्टर जसवीर रंगा ने बताया कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। यह संकल्प तभी संभव हो सकता है जब हमारा समाज एक संतुलित समाज हो। कोई भी घर, समाज, राज्य या देश संतुलन के बिना उन्नति नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि देश व समाज के उत्थान के लिए बेटियों को समान अवसर देना जरूरी है।

नेशनल पीजी मेडिसिन क्विज में 18 टीमों ने भाग लिया

सिर्फ किताबी ज्ञान काफी नहीं : अग्रवाल

■ छात्र न केवल अच्छे डॉक्टर बनें बल्कि अच्छे रिसर्चर भी बनें: डॉ सुधीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक





इंडियन कॉलेज ऑफ फिजिशियंस एवं मेडिसिन विभाग, पीजीआईएमएस के संयुक्त तत्वावधान में आईसीपी नॉलेज लीग-2026 नेशनल पीजी मेडिसिन क्विज का हरियाणा स्टेट राउंड एलटी-1 में आयोजित किया गया। इसमें हरियाणा के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों की 18 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एचके अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि मेडिसिन रोज बदल रही है, हर दिन नई गाइडलाइन, नई दवा और नई रिसर्च सामने आ रही है। ऐसे में सिर्फ किताबी ज्ञान काफी नहीं है। पीजी छात्रों को क्लीनिकल प्रैक्टिस के साथ-साथ रिसर्च, जर्नल रीडिंग और नए एडवांस को अपनी आदत बनाना होगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के क्विज छात्रों में पढ़ने की ललक पैदा करते हैं और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सोचने का मौका देते हैं। चिकित्सा अधीक्षक एवं एचओडी मेडिसिन डॉ सुधीर अत्री ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि पीजीआईएमएस रोहतक में इस तरह के एकेडमिक कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हमारे पीजी छात्र न केवल अच्छे डॉक्टर बनें बल्कि अच्छे रिसर्चर भी बनें। एपीआई हरियाणा के चेयरमैन डॉ सतीश गुलाटी ने कहा कि एपीआई का मुख्य उद्देश्य पूरे प्रदेश के फिजिशियंस को एक मंच पर लाना और ज्ञान को साझा करना है। एपीआई एवं आईसीपी हरियाणा के सचिव डॉ दीपक जैन ने बताया कि यह क्विज राष्ट्रीय स्तर की क्विज है।

उन्होंने बताया कि इस राउंड की विजेता टीम अब हरियाणा का प्रतिनिधित्व एपिकॉन 2027 में करेगी। इस मौके पर एपीआई के पैट्रन डॉ एस एल वर्मा, डॉ अशोक गुप्ता, डॉ संदीप गोयल और डॉ प्रोमिला जैन सहित मेडिसिन विभाग के सभी फैकल्टी सदस्य मौजूद रहे।

100 युवाओं ने किया रक्तदान

रोहतक। पीजीआईएमएस के विश्राम सदन प्रांगण में शनिवार को पूर्व प्रधान गैर शिक्षक कर्मचारी संघ तारीफ सिंह नांदल के बड़े भाई स्वर्गीय प्रोफेसर बलजीत सिंह नांदल की पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारी, चिकित्सक, विद्यार्थी एवं सामाजिक लोगों ने भाग लिया और श्रद्धांजलि अर्पित की। शिविर में करीब 100 युवाओं ने रक्तदान किया, जिसे पीजीआई के ब्लड बैंक में जमा करवाया गया। गैर शिक्षक कर्मचारी संघ प्रेस सचिव बिजेंद्र शर्मा, उप प्रधान प्रवीण जांगडा, पूर्व अधीक्षक सुरेन्द्र हुड्डा, अधीक्षक राजेन्द्र पांचाल, जयभगवान शर्मा, राजेन्द्र सैनी, जयपाल सहारण, अशोक कांगडा, डीपी महाबीर आदि मौजूद रहे।



एचएम स्कूल के छात्र चुनाव में जीती खुशहाल स्टूडेंट पार्टी

रोहतक। एचएम पब्लिक स्कूल में छात्र चुनावों का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया, नेतृत्व, सामूहिक निर्णय और जिम्मेदार नागरिकता का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। चुनाव के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी पसंद के प्रतिनिधि चुनने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने का अवसर मिला। इस आयोजन की परिकल्पना एवं क्रियान्वयन सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका अनीता मलिक व दिव्यांश ने किया। चुनाव में पांच दलों ने भाग लिया, जिसमें नई उड़ान पार्टी, स्टूडेंट यूनिटी पार्टी, ब्राइट फ्यूचर पार्टी, उज्ज्वल भारत पार्टी तथा खुशहाल स्टूडेंट पार्टी शामिल रही। चुनाव परिणामों में खुशहाल स्टूडेंट पार्टी ने 43 वोटों के अंतर से जीत हासिल की। इस पार्टी का नेतृत्व कक्षा दसवीं के विद्यार्थी दमन ने किया। पार्टी के अन्य सदस्य सम्राट, ज्योति और नैन्सी रहे। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर नरेश बल्हारा ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र की भावना के बारे जागरूक किया।

अतिक्रमण की समस्या को लेकर चेयरमैन ने लिखा एसडीएम को पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

■ रेहड़ी वालों व दुकानदारों के अतिक्रमण के चलते बनी रहती है जाम की स्थिति

सांपला के मुख्य बाजार में रेहड़ीवालों व दुकानदारों के अतिक्रमण के चलते सांपला तथा आसपास के ग्रामीण ही नहीं अपितु किसानों को भी फसल बिक्री के इस सीजन में अपनी फसल मंडी में ले जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों की इस समस्या को लेकर सोमवार को सांपला मार्केट कमेटी के चेयरमैन उदयभान मलिक ने एसडीएम अंकिता पवार को पत्र लिखकर इस फसल सीजन के दौरान सांपला के मुख्य बाजार को अतिक्रमण मुक्त करवाने की अपील की है। एसडीएम को लिखे अपने पत्र में चेयरमैन ने बताया कि आजकल किसानों की धान बाजरा आदि फसल खरीद का सीजन चल रहा है। जिसके चलते सांपला तथा आसपास के गांव के किसान ट्रैक्टर ट्राली आदि में अपनी फसल भरकर सांपला मंडी में पहुंच रहे है। लेकिन सांपला के बाजार में रेहड़ी वालों व दुकानदारों के अत्यधिक अतिक्रमण के चलते हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। सोमवार को लगभग एक दर्जन किसान राममेहर, महेंद्र, सतबीर, कृष्ण, शमशेर, राजेंद्र ,सत्यवान आदि मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचे और उन्होंने सांपला के बाजार में अतिक्रमण से आने वाली परेशानी को शीघ्र दूर करने की गुहार लगाई।

एसडीएम विपिन कुमार ने कैंप लगाकर सुनीं लोगों की समस्याएं, केवल दो शिकायतें पहुंची



महम। एसडीएम विपिन कुमार की अध्यक्षता में महम में समाधान शिविर लगाया गया। शिविर में एसडीएम ने आमजन की समस्याएं और शिकायतें सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके शीघ्र निवारण के निर्देश दिए। विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 2 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनको निपटारे के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि आमजन की शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान सरकार तथा प्रशासन की प्राथमिकता है। समाधान शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर अपनी समस्याएं प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष रखने और उनका समयबद्ध समाधान प्राप्त करने की सुविधा देना है, ताकि उन्हें विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा में उसका निपटारा सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का समाधान मौके पर संभव नहीं हो पाया, उन्हें अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाया जाए। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक पात्र नागरिक को सरकारी सेवाओं और सुविधाओं का लाभ समय पर मिले।



जेजेपी कार्यकर्ताओं ने सरकारी खरीद में किसानों को हो रही परेशानी को लेकर जताया रोष

रोहतक। जेजेपी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों ने सोमवार को एसडीएम आशीष वशिष्ठ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) के अंतर्गत आने वाली फसलों, जैसे गेहूं, चना, जौ, सरसों, दाल एवं बाजरा के समर्थन मूल्य में की गई मामूली बढ़ोतरी पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा अन्य फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में प्रति क्विंटल 500 रुपये की बढ़ोतरी किए जाने की मांग उठाई गई। धान एवं बाजरे की सरकारी खरीद को लेकर भारतीय जनता पार्टी सरकार के रवैये की कड़ी निंदा की गई। ज्ञापन में मांग की गई कि किसानों की उपज की सरकारी खरीद सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें अपनी फसल का उचित मूल्य मिल सके और आर्थिक नुकसान का सामना न करना पड़े। एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया के तहत देश एवं प्रदेश में वैध घोषित किए गए मतों को काटे जाने के मुद्दे पर भी विरोध दर्ज कराया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि वैध मतदाताओं के मताधिकार की रक्षा की जाए तथा किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से अनुचित रूप से न हटाया जाए। जेजेपी ने मांग की कि मतदाता सूची की प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए, ताकि किसी भी पात्र मतदाता को उसके मतदान के अधिकार से वंचित न होना पड़े।

बाबा मस्तनाथ विवि के 'लॉ फेस्ट-2026' में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की ओर से 'लॉ फेस्ट-2026' का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा और कला का शानदार प्रदर्शन किया। इस फेस्ट के दौरान रैंप वॉक, रील मेकिंग, कविता, एकल व समूह नृत्य, गायन, रंगोली, स्टैंड-अप कॉमेडी और मिमिक्री जैसी विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार ने विजेताओं और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास तथा नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. नवीन कपिल और विधि संकाय डीन डॉ. मनीष दलाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिताओं के परिणामों में रैंप वॉक में विकास राठी ने प्रथम, अनुराधा ने द्वितीय व आंचल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सोलो डांस में एकता, रमन और पूर्णिमा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे, जबकि ग्रुप डांस में निहारिका, अनुराधा व रचना की टीम ने बाजी मारी। गायन में तनीष प्रथम, शुभम द्वितीय व संदीप तृतीय स्थान पर रहे। रंगोली में दीपमाला, रील मेकिंग में छवि, कविता में पायल चौहान, स्टैंड-अप कॉमेडी में रितेश यादव तथा मिमिक्री में तनु ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक डॉ. संगीता, डॉ. सोनिया, डॉ. परमिला और छात्र समन्वयक हर्ष सैनी सहित समस्त शिक्षकों व विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

रैंप वॉक में विकास राठी प्रथम, अनुराधा द्वितीय व आंचल तृतीय

जीडी गोयनका सनसिटी टॉडलर हाउस में मनाया महानवमी पूजन एवं दशहरा उत्सव



रोहतक। जीडी गोयनका सनसिटी टॉडलर हाउस में महानवमी पूजन एवं दशहरा उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महानवमी के अवसर पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों के पूजन एवं कन्या पूजन से हुआ। इस दौरान नन्हीं छात्राओं ने मां दुर्गा के नौ रूपों का सुंदर अभिनय कर नारी शक्ति, साहस और संस्कारों का संदेश दिया।इसके बाद विद्यार्थियों ने 'बुराई पर अच्छाई की विजय' विषय पर आधारित पपेट शो एवं स्किट के जरिए श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी के चरित्रों की जीवंत प्रस्तुति दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मधु बाला ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़ते हैं और उनमें नैतिक मूल्यों का विकास करते हैं। कार्यक्रम के अंत में निदेशक बलराज सिंह द्वारा रावण दहन किया गया। उन्होंने बच्चों को अहंकार त्यागकर सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इसके बाद सभी ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।



किरण चौधरी के रोहतक पहुंचने पर किया स्वागत, पूर्व सांसद ने सुनीं शिकायतें

रोहतक। भाजपा की वरिष्ठ नेत्री, पूर्व मंत्री एवं राज्यसभा सांसद किरण चौधरी के रोहतक पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। बेरी क्षेत्र से आए कादियान खाप, दुबलधन शिक्षा सुधार समिति, सरपंचों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उन्हें पगड़ी पहनाकर और फूल-मालाओं से सम्मानित किया। एमयू के खेल निदेशक कुलताज सिंह कादियान के नेतृत्व में हुए इस अभिनंदन से अभिभूत नेत्री ने सभी का आभार जताया। स्वागत समारोह के बाद किरण चौधरी ने ग्रामीणों के बीच लगभग एक घंटा बैठकर उनकी समस्याएं इत्मीनान से सुनीं। इस अवसर पर कादियान खाप के प्रधान राजपाल कादियान, सुखचंद कादियान सहित बेरी और आसपास के दर्जनों गांवों के सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के दौरान देखे प्रसिद्ध बॉलीवुड स्टूडियो

पेशेवर फिल्मों में साउंड निर्माण का अनुभव जाना

बड़े निर्माण स्थलों पर धूल रोकने के उपायों की 15 दिन में देनी होगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ नवंबर-दिसम्बर में हर साल कहर बरपाता है पॉल्यूशन

■ सोमवार देर रात को शहर का एक्यूआई 91 दर्ज किया

शहर में बड़े निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण के उपायों की निगरानी अब नियमित स्व-मूल्यांकन रिपोर्ट के जरिए होगी। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सार्वजनिक सूचना के अनुसार 500 वर्ग मीटर या इससे अधिक क्षेत्रफल वाले निर्माण और तोड़फोड़ प्रोजेक्टों का पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। परियोजना संचालकों, बिल्डरों और ठेकेदारों को धूल नियंत्रण के उपायों का ब्योरा प्रत्येक 15 दिन में ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना होगा।

इससे निर्माण स्थलों पर प्रदूषण रोकने के उपायों की नियमित निगरानी का प्रावधान किया गया है। सोमवार देर रात को शहर का एक्यूआई 91 दर्ज किया गया। त्योहारों के बाद जैसे जैसे हवा की गति मंथर होगी और तापमान गिरेगा तो वायु प्रदूषण हर साल की तरह ही बढ़ जाएगा। निर्माण स्थलों पर सीमेंट, रेत, बजरी और अन्य सामग्री से उड़ने वाली धूल को रोकने के लिए निर्धारित पर्यावरणीय मानकों का पालन करना होगा। सभी प्रकार की निर्माण साम्री को ढक कर रखना होगा। एनसीआर के शहरी क्षेत्रों में निर्धारित आकार की परियोजनाओं पर कैमरों और पीएम 2.5 व पीएम 10 मापने वाले सेंसर से निगरानी का भी प्रावधान है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) के प्रतिनिधिमंडल ने मुंबई स्थित विभिन्न प्रसिद्ध फिल्म स्टूडियोज का पांच दिवसीय दौरा किया। इस दौरान इन्होंने पेशेवर फिल्मों में साउंड निर्माण का प्रत्यक्ष अनुभव हासिल किया। प्रतिनिधिमंडल में ऑडियोग्राफी विभाग के सातवें सेमेस्टर के छात्र शामिल रहे।

फिल्म एवं टेलीविजन फैकेल्टी के तहत चल रहे ऑडियोग्राफी विभाग के एचओडी देबाशीष रॉय ने बताया कि छात्रों के शैक्षणिक पाठ्यक्रम के तहत मुंबई के इस औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इसमें छात्र विक्रम, अंशुल, काव्यांश, रोहित शामिल रहे, जो असिस्टेंट प्रोफेसर दिलीप अहिरवार के नेतृत्व में फिल्म नगरी पहुंचे। भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को पेशेवर फिल्म व ध्वनि उद्योग का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना रहा, जिससे वे उद्योग की समकालीन कार्यप्रणालियों, तकनीकी कार्यप्रवाहों व पेशेवर मानकों को समझ सकें। इस दौरान उन्होंने प्रसिद्ध यश राज फिल्म्स स्टूडियो, डॉल्बी स्टूडियो, जेमिनी स्टूडियो के साथ-साथ अन्य प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठान का भी दौरा किया। इस दौरान फिल्म साउंड व ऑडियोग्राफी के क्षेत्र के प्रतिष्ठित एवं अनुभवी पेशेवरों के साथ छात्रों का संवाद भी कराया गया।



आत्मविश्वास बढ़ेगा

रॉय ने बताया कि इस तरह के औद्योगिक भ्रमण शैक्षणिक शिक्षा व पेशेवर अभ्यास के बीच की दूरी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फिल्म इंडस्ट्री के विशेषज्ञों के साथ प्रत्यक्ष संवाद व उन्नत स्टूडियो सुविधाओं का अनुभव छात्रों को पेशेवर कार्य वातावरण की आवश्यकताओं को समझने, तकनीकी ज्ञान को बढ़ाने व फिल्म एवं ऑडियो उद्योग में करियर बनाने के लिए जरूरी आत्मविश्वास विकसित करने में मदद करता है। उन्होंने बहुमूल्य प्रशासनिक सहयोग व प्रोत्साहन के लिए कुलगुरु डॉ अमित आर्य का आभार जताते हुए कहा कि इस तरह का सहयोग और प्रेरणा उन शैक्षणिक पहलों को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।